आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 12 अंक : 29 लखनऊ, रविवार 07 नवम्बर से 13 नवम्बर, 2021 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## छात्रों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए टैबलेट और स्मार्टफोन बांटने की प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

लखनऊ। योगी सरकार युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने को प्रयासरत है। इसी अभियान के तहत प्रदेश के करीब एक करोड़ युवाओं को मुफ्त टैबलेट और स्मार्ट फोन वितरण जल्द शुरू होगा। योजना के तहत लाभार्थियों का चयन, टैबलेट और स्मार्ट फोन वितरण व इसकी मानीटरिंग के लिए वेब पोर्टल बनाया गया है। इसके पहले चरण में विश्वविद्यालयों के स्नातक द्वितीय, तृतीय और परास्नातक द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को दिया जाएगा। स्नातक व परास्नातक प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं का डेटाबेस तैयार होने के बाद विश्वविद्यालय सूचना भेजेंगे। योगी सरकार टैबलेट या स्मार्टफोन देने की अपनी इस योजना को लेकर खासी सतर्क है। पारदर्शिता पर काफी जोर है। कहा जा रहा है कि खरीद के लिए टेंडर के नियमों और शर्तों को



जल्द ही कैबिनेट के सामने पेश किया जाएगा। यूपी कैबिनेट की मंजूरी के बाद सात दिन में टेंडर जारी कर दिया जाएगा। कोशिश है कि जल्द से जल्द प्रक्रिया पूरी कर ली जाए ताकि नवंबर से इसका वितरण शुरू किया जा सके। सीएम योगी ने कहा कि उनकी सरकार बिना किसी भेदभाव के युवाओं को आगे बढ़ाने और रोजगार देने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश के युवाओं को नवीनतम तकनीक से लैस करने के लिए राज्य सरकार नवंबर के आखिरी सप्ताह से टैबलेट और लैपटप बांटने का कार्य शुरू कर देगी। चुनाव करीब–पिछली बार अखिलेश यादव की सरकार हाई स्कूल और इंटरमीडिएट पास–आउट छात्र–छात्राओं को लैपटॉप दिए थे। यूपी विधानसभा चुनाव २०२२ करीब आ रहे हैं। सरकार सरकार १८ से २५ के बीच के युवा मतदाताओं लुभाने के लिए यह गिफ्ट दे रही है।

## किसान ने विधानभवन के सामने खुद पर मिट्टी का तेल डाल कर लगा ली आग

लखनऊ। विधानभवन के सामने शनिवार को उन्नाव के एक किसान ने खुद पर मिट्टी का तेल डाल कर आग लगा ली। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों व अन्य लोग उसकी ओर दौड़े। उसे बचा तो लिया गया, लेकिन वह बुरी तरह झुलस गया है। सुरक्षाकर्मियों ने आनन फानन में किसान को नजदीक के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। हजरतगंज इंस्पेक्टर श्याम बाबू शुक्ला ने बताया कि मीड़ित किसान महेश, उन्नाव के हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मलझा गांव का रहने वाला है। महेश का आरोप है कि उसे पीएम आवास के लिए पैसा नहीं मिल रहा है, अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। उसकी शिकायत यह भी है कि उसके पास लगभग डेढ़ बीघा जमीन है भाई सुखलाल जमीन पर कब्जा करना चाहता है। आरोप है कि इस मामले में पुलिस उसकी सुन नहीं रही है। पीडित किसान का पैतृक संपत्ति को लेकर रिश्तेदार सुखलाल से विवाद चल रहा है। करीब बीस साल से मामला भी जाते हैं, वहां लंबित है। थाने से लेकर तहसील और चकबंदी अधिकारी तक पीड़ित किसान गुहार लगा चुका था। वर्तमान में सीओ चकबंदी के यहां मामला लंबित है। किसान की कही सुनवाई नहीं हो रही थी। जिससे परेशान होकर किसान द्य शनिवार सुबह साइकिल से लखनऊ पहुंचा और खुद को आग लगा लिया। हैं। घटना के बाद उन्नाव की प्रदेश में किरकिरी हुई है। जानकारी मिलते ही उन्नाव डीएम रविंद्र कुमार व एसपी दिनेश त्रिपाठी लखनऊ पहूंचे। एसडीएम राम दत्त के मुताबिक पीएम आवास और मनरेगा के तहत किसानों के खाते में १ लाख ४५ आए. इसी राशि से ४० हजार महेश के खाते में चले गए। जिसे महेश अपना मान रहा था।

## यूपी में कोरोना संक्रमण के 7 नये मामले आये, एक दिन में 81,413 वैक्सीन की डोज दी गयी

लखनऊ। प्रदेश में कल एक दिन में कुल ७२,६६६ सैम्पल की जांच की गयी, जिसमें कोरोना संक्रमण के ०७ नये मामले आये। प्रदेश में कल तक कुल ८,४३,७५,८४६ सैम्पल की जांच की गयी। २४ घंटे में १५ तथा अब तक कुल १६,८७,२०७ लोग कोविड–१६ से ठीक हुये। प्रदेश में कोरोना के कुल ८३ एक्टिव मामले कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल एक दिन में ८१,४१३ डोज दी गयी। प्रदेश में कल तक पहली डोज ६,६०,४३,२१२ तथा दूसरी डोज ३,३७,७०,२१३ लगायी गयी। कल तक कुल १३,२८,१३,४२५ कोविड डोज दी गयी। कोविड संक्रमण अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ इसलिए सभी लोग कोविड अनुरूप आचरण करे। टीकाकरण के बाद भी कोविड प्रोटोकलोंका पालन अवश्य करें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कोविड हेल्पलाइन १८००१८०५१४५ पर सम्पर्क करे। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल ७२,६६६ सैम्पल की जांच की गयी है। जिसमें कोरोना संक्रमण के ०७ नये मामले आये हैं। प्रदेश में कल तक कुल ८,४३,७५,८४६ सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले २४ घंटे में १५ तथा अब तक कुल १६,८७,२०७ लोग कोविड–१६ से ठीक हो चुके हैं। प्रदेश में कोरोना के कुल ८३ एक्टिव मामले है। उन्होंने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल एक दिन में ८१,४१३ डोज दी गयी। प्रदेश में कल तक पहली डोज ६,६०,४३,२१२ तथा दूसरी डोज ३,३७,७०,२१३ लगायी गयी हैं। कल तक कुल १३,२८,१३,४२५ कोविड डोज दी गयी है। प्रसाद ने बताया कि कोविड संक्रमण अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए सभी लोग कोविड अनुरूप आचरण करे। टीकाकरण के बाद भी कोविड प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें।

## बिना पैन कार्ड के खोले गए १२०० से अधिक बैंक खाते, आयकर विभाग ने जब्त किए ५३ करोड़

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने महाराष्ट्र के एक शहरी ऋण सहकारी बैंक में जमा ५३ करोड़ से अधिक रुपये के लेन–देन पर रोक लगा दी है। विभाग ने यह कदम हाल में मारे गए छापों के दौरान खाते खोलने में ''घोर अनियमितता'' की बात सामने आने पर उठाया है। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। इसने बताया कि विभाग ने बैंक के मुख्यालय और इसके अध्यक्ष तथा निदेशक के आवास पर २७ अक्टूबर को छापा मारा था। आधिकारिक बयान में यह जानकारी नहीं दी गई कि किस संस्थान पर छापा मारा गया, लेकिन सूत्रों ने उसकी पहचान 'बुल्ढाणा अरबन कोअपरेटिव क्रेडिट बैंक' के तौर पर की है।बयान में कहा गया, ''कोर बैंकिंग सोल्यूशन्स (सीबीएस) पर बैंक आंकड़ों के विश्लेषण और छापे के दौरान अहम लोगों के बयानों से पता चला है कि बैंक खाते खोलने में घोर अनियमितताएं बरती गईं।'' सीबीडीटी ने बयान में कहा, ''१,२०० से अधिक बैंक खाते इस शाखा में बिना पैन कार्ड के खोले गए। इनमें एक साथ खोले गए सात सौ से अधिक ऐसे खातों की पहचान की गई जिनमें ३४.१० करोड़ से अधिक नकदी खाते खुलने के सात दिनों के भीतर




जमा की गई, खासतौर पर अगस्त २०२० से मई २०२१ के बीच।'' बयान में कहा गया, ''अध्यक्ष, सीएमडी तथा शाखा प्रबंधक नकदी जमा के स्रोतों के बारे में जानकारी नहीं दे सके और उन्होंने स्वीकार किया कि यह बैंक के एक निदेशक के कहने पर किया गया, जो एक नामी स्थानीय कारोबारी है। एकत्रित साक्ष्यों और दर्ज बयानों के आधार पर ५३.७२ करोड़ की पूरी राशि के लेनदेन पर रोक लगा दी गई है।

## आमरण अनशन पर बैठे सपा विधायक की बिगड़ी हालत, सिविल अस्पताल में हुए भर्ती

लखनऊ। विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने वाले विधायक राकेश प्रताप सिंह का शुक्रवार को तीसरे दिन आमरण अनशन जारी रहा। राकेश प्रताप सिंह अपने क्षेत्र की दो जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण न से नाराज हैं और समाजवादी पार्टी से जुड़ना चाह रहे हैं। गौरतलब है कि सपा विधायक जीपीओ पर धरना दे रहे हैं। विधायक ने रविवार को विधानसभा अध्यक्ष को त्याग पत्र सौंपा था। उन्होंने कहा कि




होने से नाराज हैं। शुक्रवार देर रात लखनऊ पुलिस ने विधायक को आमरण अनशन से उठाकर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। इंस्पेक्टर हजरतगंज श्याम बाबू शुक्ला के मुताबिक डॉक्टरों की टीम विधायक का स्वास्थ्य चेकअप करने आई थी। चिकित्सकों की सलाह पर विधायक को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले धरने पर बैठे विधायक ने कहा कि भाजपा के १५० विधायक सरकार पूरा देश दीपावली मना रहा है, ऐसे में मजबूर होकर उन्हें आमरण अनशन का फैसला लेना पड़ा। सोचा कि दीपावली पर तो दुश्मन को भी भूखे नहीं रखा जाता। ऐसे में शायद सरकार उनके आमरण अनशन से जाग जाए और उनके क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने की पहल कर दे। वहीं, विधायक का आरोप है कि सिविल अस्पताल में जबरजस्ती दोनों हाथ को बाधकर ड्रिप लगाई गई है।

# सम्पादकीय

## नेट जीरो को हासिल करना एक महंगा लक्ष्य

जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने २०७० तक भारत को नेट जीरो बनाने का एलान कर सबको चौंका दिया। इस पर हैरत इसलिए हुई, क्योंकि कुछ ही रोज पहले कॉप–२६ (यानी जलवायु परिवर्तन पर संधि से संबंधित पक्षों के २६वें सम्मेलन) के लिए भारत के मुख्य प्रतिनिधि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने जो कहा था कि उसका यह निष्कर्ष निकाला गया था कि भारत अभी नेट जीरो के लिए तैयार नहीं है। नेट जीरो का मतलब वह समयसीमा है, जब तक कोई देश कार्बन उत्सर्जन को बिल्कुल खत्म कर देगा। गोयल ने कहा था कि ये लक्ष्य विकसित देशों को घोषित करना चाहिए, जिन्होंने विकास का फल चख लिया है और इस क्रम में उन्होंने धरती के जलवायु को भारी क्षति पहुंचाई है। भारत और अन्य विकासशील देश अभी विकास की प्रक्रिया में हैं। इसलिए वहां कार्बन का उत्सर्जन स्वाभाविक रूप से अभी लंबे समय तक होगा। लेकिन कुछ ही दिनों के अंदर भारत की नीति बदल गई, तो सरसरी तौर पर उसका स्वागत किया जाना चाहिए। हालांकि संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया को २०६० तक नेट जीरो बनाने का सुझाव दिया है, लेकिन भारत ने उससे दस साल अधिक समय लेने का एलान किया है। इसके बावजूद भारत की इस घोषणा ने देश की एक सकारात्मक छवि बनाई है। बहरहाल, इसके साथ ही इस दिशा में भारत की तैयारियों के परीक्षण का रास्ता खोल दिया है। अब दुनिया की निगाह इस पर रहेगी कि २०७० तक इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए भारत क्या कदम उठा रहा है। प्रधानमंत्री ने इस बारे में क्रमबद्ध लक्ष्य दुनिया को बताए। लेकिन देश के अंदर जिस समय पर्यावरण कानूनों को बेअसर कर दिया गया है और प्रौतिक संसाधनों के दोहन की प्रक्रिया तेज की जा रही है, उस वक्त इन लक्ष्यों को हासिल करना आसान नहीं है। आखिर नेट जीरो को हासिल करना एक महंगा लक्ष्य है। इसके लिए ऊर्जा उत्पादन के तरीकों में बदलाव के साथ–साथ ऊर्जा उपभोग की आदतों को भी बदलना होगा। ग्रीन टेक्नोलजी में बड़े निवेश की मांग उठेगी। परिवहन के माध्यमों में बड़े बदलाव की जरूरत होगी। वर्तमान जंगलों की रक्षा के साथ–साथ बड़े पैमाने पर वनीकरण की जरूरत होगी। जाहिर है, इन सबकी सरकार के पास क्या योजना और बजट है, अब देश के साथ–साथ दुनिया की भी दिलचस्पी अब यह देखने में होगी।

# यूपी विधानसभा चुनाव में एक साथ दिख सकती है चाचा–भतीजे की जोड़ी

लखनऊ। यूपी विधानसभा चुनाव में चाचा–भतीजे के गठबंधन की चर्चाओं पर अब विराम लग गया है। चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बड़ा ऐलान किया है। बुधवार को अपने गृह जनपद इटावा में अखिलेश ने प्रगतिशील समाजवादी पार्टी से गठबंधन का ऐलान किया है। सपा प्रमुख ने कहा कि आगामी चुनाव सभी छोटे और क्षेत्रीय दलों के साथ चाचा के दल से भी हमारी पार्टी का गठबंधन होगा। अखिलेश यादव ने कहा कि चाचा शिवपाल का पूरा सम्मान किया जाएगा। हम ज्यादा से ज्यादा चाचा का सम्मान करेंगे। बीजेपी सरकार में महगांई से जनता परेशान है, हर चीज में महंगाई है। किसानों से लेकर नौजवानों तक सब परेशान है, ये सरकार किसानों को खाद तक नहीं दे पा रही है। सपा सरकार के कामों का उद्घाटन कर रहे हैं, मुख्यमंत्री



योगी। इसके साथ ही लखीमपुर की घटना पर कहा कि सरकार के लोग किसानों को गाड़ियों के नीचे कुचल रहे हैं। उन्होंने कहा कि लखीमपुर घटना में मारे गए किसानों की याद में समाजवादी पार्टी स्मृति दिवस मनाएगी। सपा का हर कार्यकर्ता मृतक किसानों की याद में एक दीपक जलायेगा। दरअसल, यूपी विधानसभा में अखिलेश यादव और शिवपाल सिंह यादव के गठबंधन को लेकर काफी लंबे समय से चर्चा बनी थी कि सपा और प्रसपा के बीच गठबंधन का ऐलान कब होगा। ऐसे में दीपावली के त्यौहार में अपने गृह जनपद पहुंचे सपा प्रमुख ने इसका ऐलान करके इन चर्चाओं पर पूरी तरह से विराम लगा दिया है। हालांकि दोनों ही पार्टियों के राष्ट्रीय अध् यक्ष पहले इस बात पर पूरी तरह से खुलकर नहीं बोल रहे थे। वहीं, राजनीतिक विशेषज्ञ इस गठबंधन के ऐलान शिवपाल यादव को दीपावली का बड़ा तोहफा बता रहे हैं।

# पटाखों ने हवाओं में फैलाया जहर, सांस लेना हुआ मुश्किल

लखनऊ। दीपावली पर बड़े पैमाने पर आतिशबाजी ने उत्तर प्रदेश में हवा की गुणवत्ता को काफी खराब कर दिया है। दीपावली में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ ही अन्य शहरों में लोगों ने जमकर पटाखे जलाए, जिसके कारण एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआइ) में प्रदूषण के लेवल में बेतहाशा बढ़ोतरी हो गई है। प्रदेश में इन दिनों वायु में बढ़ी नमी के साथ दीपावली की रात जमकर आतिशबाजी से हवा की गुणवत्ता बेहद खराब हो गई है। उत्तर प्रदेश के तमाम शहरों में एयर क्वालिटी इंडेक्स में वायु प्रदूषण औसत से कई गुना अधिक दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश के दस सर्वाधिक प्रदूषित हवा वाले शहरों में बुलंदशहर सबसे ऊपर है। यहां का एक्यूआइ लेवल ४१६ दर्ज किया गया। कानपुर का ४१०, अलीगढ़ का ३६५, फतेहपुर का ३८३, हाथरस का ३७७, मथुरा का ३७५, बहराइच का ३६७ और राजधानी लखनऊ का ३५७ दर्ज किया गया। लखनऊ के पड़ोसी जिलों में भी इसका असर देखा गया है। लखनऊ में भी गोमतीनगर सर्वाधिक प्रदूषित था दरअसल, एयर क्वालिटी इंडेक्ट में ८ प्रदूषक तत्व को देखा जाता है कि उनकी मात्रा कितनी है, अगर उनकी तय लिमिट से ज्यादा मात्रा होती है, तो समझ जाता है कि वहां की हवा प्रदूषित है। सल्फर डाइऑक्साइड **($SO_2$)**, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड **($NO_2$)**, और कार्बन मोनोऑक्साइड **(CO)**की मात्रा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तय किए गए मापदंड से अलग नहीं होना चाहिए. इसके अलावा इनमें **$PM_{10}$, PM2-5, $NO_2$, $SO_2$, CO, $O_3$, $NH_3$** और **Pb** आदि तत्व शामिल हैं, यह बताता है कि हवा में किन गैसों की कितनी मात्रा घुली हुई है।

# जिन्ना विवाद पर अखिलेश की किताब फिर पढ़ने की सलाह, भाजपा ने पूछा- हिंदुस्तान की या पाकिस्तान की


लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने हाल में मोहम्मद अली जिन्ना को लेकर दिये गये अपने बयान के संदर्भ में शनिवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर इशारा करते हुए कहा कि मैं तो कहूंगा कि दोबारा किताबें पढ़ लें। इस पर पलटवार करते हुए भाजपा ने सवाल किया है कि किताबें हिंदुस्तान की पढ़नी हैं या पाकिस्तान की। सपा प्रमुख से शनिवार को जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट) के कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर पत्रकारों ने जब सरदार वल्लभ भाई पटेल, जवाहर लाल नेहरू और महात्मा गांध् ी के साथ पाकिस्तान के पहले गवर्नर जनरल मोहम्मद अली जिन्ना का जिक्र किये जाने के संदर्भ को स्पष्ट का आग्रह किया तो उन्होंने कहा कि मैं तो कहूंगा कि दोबारा किताबें पढ़ लें। यादव ने ३१ अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर हरदोई की एक जनसभा में कहा था, सरदार वल्लभ भाई पटेल, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और (मोहम्मद अली) जिन्ना ने एक ही संस्थान से पढ़ाई की और वे बैरिस्टर बने एवं उन्होंने आजादी दिलाई। वे भारत की आजादी के लिए किसी भी संघर्ष से पीछे नहीं हटे। भाजपा ने जिन्ना की तुलना सरदार पटेल से किये जाने पर एतराज जताया। शनिवार को यादव के बयान पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने पलटवार करते हुए कहा, "जिन्ना के प्रति प्रेम अभी भी अटूट है.. अखिलेश यादव जी किताब हिंदुस्तान की पढ़नी हैं या पाकिस्तान की।" बाद में यहां जारी एक बयान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि जिन्ना के प्रति प्रेम और समर्पण भाव दिखाकर सपा प्रमुख देश में जिन्नावादी सोच का समर्थन कर रहे हैं। सिंह ने कहा, "यह बेशर्मी नहीं तो क्या है कि देश के विभाजन के लिए जिम्मेदार व्यक्ति को सपा प्रमुख लगातार देश भक्त और महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बताने और स्थापित करने की कुचेष्टा कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, "इतिहास समाजवादी पार्टी के मुखिया को पढ़ना चाहिए कि बंटवारे के समय किस तरह से लाखों हिन्दुओं का रक्तपात किया गया था। कैसे हजारों–लाखों हिन्दू एक झटके में दरबदर कर दिये गये थे।" स्वतंत्र देव ने कहा, "जिन्ना का गुणगान करने वाले लोगों को जनता कभी माफ नहीं करेगी और जनता जिन्ना वादियों को सबक सिखाने को तैयार है।" पत्रकारों ने जब सपा प्रमुख से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस दावे के बारे में पूछा कि भाजपा जहां कहीं से भी कहेगी, वहां से चुनाव लड़ने के लिए



तैयार हूंयादव ने कहा, "अब बाबा मुख्यमंत्री को चुनाव नहीं लड़ना चाहिए क्योंकि वह (सत्ता से बाहर) जा रहे हैं।" खुद चुनाव लड़ने के सवाल पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पार्टी तय करेगी। उन्होंने कहा कि एक बार जब इस सवाल का जवाब दे देंगे तो अगला जवाब होगा कि किस निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। लखनऊ हवाई अड्डे पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी की मुलाकात के सवाल को नजरअंदाज करते हुए यादव ने कहा, इसका क्या मतलब है, अगर हम किसी से किसी रेस्त्रां में मिलें।" बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर की मुलाकात और अंसारी को टिकट देने के सवाल पर यादव ने कहा, " ओमप्रकाश राजभर हमारे सहयोगी हैं और अभी तक इसकी जानकारी नहीं है।" मुख्यमंत्री के इस दावे पर कि कारसेवकों पर फायरिंग करने वाले कार सेवा के लिए कतार में लग जाएंगे, यादव ने कहा, " अगली बार जब आप मुख्यमंत्री से मिलें तो कृपया उनसे अनुरोध करें कि उनके आवास (सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग) पर पूर्व में बनाये गये सबसे सुंदर मंदिर को दिखाएं। अगर मुख्यमंत्री ने उससे बेहतर मंदिर देखा है तो कृपया सभी को बताएं। यह मंदिर बिना नक्शे के बनाया गया है।" उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था को सबसे खराब बताते हुए यादव ने कहा कि हिरासत में होने वाली मौतें सबसे ज्यादा हैं एवं मानवाधिकार आयोग ने सबसे ज्यादा नोटिस उत्तर प्रदेश को भेजा है। इटावा में मुख्यमंत्री द्वारा एक जेल का उद्घाटन करने पर तंज करते हुए यादव ने कहा कि भाजपा सरकार मेट्रो का एक स्टेशन नहीं बना पाई है। मुख्यमंत्री जी जिस जेल का इटावा में उद्घाटन करने जा रहे हैं, सपा के ही काम का उद्घाटन करेंगे। भाजपा ने अभी तक कोई काम नहीं किया है, रंग बदलने, नाम बदलने और उद्घाटन का उद्घाटन तथा शिलान्यास का शिलान्यास करने के अलावा उसने कुछ नहीं किया है। भाजपा का एक ही काम है, बड़े पैमाने पर पैसे बांटकर वोट खरीदना।अब मुख्यमंत्री जी और उनकी सरकार बस जाने वाली है।" सपा प्रमुख ने कहा कि सत्ता में आने पर वह कन्नौज में और पूर्वांचल में समाजवादी एक्सप्रेस–वे पर भी सम्राट पृथ्वीराज चौहान की मूर्ति लगाएंगे और संग्रहालय भी बनेगा। उन्होंने कहा, हम पृथ्वीराज चौहान की जानकारी और इतिहास को बताने के लिए काम करेंगे और उनके खोए हुए गौरव को बहाल करने के लिए भी काम करेंगे। उन्होंने सवाल किया कि राज्य में कितनी फैक्ट्रियां लगाई गईं और लाखों करोड़ के एमओयू होने के बाद कितने लोगों को रोजगार मिला है।

# नक्खास बाजार में शापिंग माल में भीषण आग

लखनऊ। नक्खास बाजार में स्थित सिटी कार्ट शापिंग माल में शनिवार रात भीषण आग लग गई। देखते–देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस बीच शापिंग सेंटर से ठीक ऊपर बने फ्लैट में रह रहे लोग फंस गए। दमकल और पुलिस विभाग के कर्मियों की मदद से फ्लैट में फंसे लोगों को सीढ़ी लगाकर सुरक्षित निकाला गया। इस दौरान एक धुएं के कारण एक की हालत बिगड़ गई। उसे एफएसओ चौक आरके यादव खुद एक दमकल कर्मी की मदद से अपने कंधे पर लादकर सीढ़ियों से नीचे उतर कर आए। उसे अस्पताल बपेजा गया।हालांकि अब उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है।नक्खास तिराहे के पास स्थित सिटी कार्ट माल में शनिवार रात करीब आठ बजे एकाएक धुंआ और आग की लपटें निकलने लगीं। घटना से समय ग्राहक अंदर मौजूद थे। वह आनन फानन बाहर भागे। कर्मचारी भी बाहर भागे। देखते–देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दमघोंटू धुंआ चारो तरफ फैल गया। इसके साथ ही आग की विकराल लपटें निकलने लगीं। लोगों ने पानी फेंककर पहले आग पर काबू पाने का प्रयास किया। पर सफलता नहीं मिली। कुछ हदी देर में दमकल की गाड़ियां लेकर चौक फायर स्टेशन से कर्मचारी और एफएसओ आरके यादव पहुंचे। सीएफओ विजय कुमार सिंह और इंस्पेक्टर चौक रत्नेश सिंह भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।शापिंग माल के ऊपर तीसरे



और चौथे माले पर बने फ्लैट में कई परिवार रहते थे। परिवारों के आठ से १० लोग फंस गए। लोग चीख पुकार कर रहे थे। दमकल कर्मियों ने बाहर से शापिंग माल ले सीढ़ी लगाई और किसी तरह ऊपर पहुंचे। चार से पांच लोगों को फ्लैटों से निकाल कर ऊपर छत पर ले जाया गया। जीने में भीषण धुंआ था जिसके कारण लोगों को निकलने में दिक्कत हो रही थी।वहीं, तीन से चार लोगों को माल के बाहर लगी सीढ़ी के रास्ते दमकल कर्मियों ने सुरक्षित निकाला। इस बीच धुएं के कारण एक युवक गश खाकर गिर पड़ा। उसे सुरक्षित नीचे उतार कर अस्पताल ले जाया गया।अग्निकांड के दौरान चौथे तल पर रहने वाले कम्बर मिर्जा की धुएं के कारण हालत बिगड़ गई। वह मौके पर ही गश खाकर गिर गए। एफएसओ चौक आरके यादव सूचना मिलते ही आग और धुएं की लपटों के बीच किसी तरह ऊपर पहुंचे। वहां से कम्बर को कंधे पर लादा और आनन फानन दमकल कर्मी की मदद से नीचे लेकर पहुंचे। कम्बर को पानी पिलाया और आनन फानन अस्पताल भेजा। अस्पताल में इलाज के बाद अब कम्बर की हालत सामान्य बताई जा रही है। लोगों ने बताया कि धनतेरस पर शोरूम का शापिंग माल का उद्घाटन हुआ था। शापिंग माल में काफी मात्रा में कपड़े और अन्य सामान भी था। आग की चपेट में आकर काफी माल जल गया। सीएफओ ने बताया कि समय रहते करीब छह गाड़ियों की मदद से दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। नहीं तो हादसा भयावह हो सकता था। फायर फाइटिंग में एफएसओ और उनकी टीम का काम सराहनीय रहा।

# बाइक सवार बदमाशों ने बेटी के गले पर चाकू लगा लूट ली मां की चेन

लखनऊ। बाइक सवार बदमाशों ने ढाई साल की बेटी के गले पर चाकू रखकर महिला की चेन लूट ली। महिला ने मामले की शिकायत विभूतिखंड पुलिस से की, लेकिन कार्यवाही के बजाय पुलिस ने उसे टरका दिया। परेशान होकर पीड़ितों ने पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर से घटना की शिकायत की, जिसके बाद उनकी रिपोर्ट दर्ज की गई। विक्रांत खंड निवासी रोली के मुताबिक २६ अक्टूबर को वह ढाई साल की बेटी पंछी के साथ निर्माणाधीन मकान को देखने विजयंत खंड जा रही थीं। इसी बीच घर के पास ही बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। एक बदमाश ने पंछी के गर्दन पर चाकू रख दिया और जान से मारने की धमकी दी।वहीं, दूसरे बदमाश ने रोली के गले से चेन छीन ली और बाइक पर बैठकर भागने लगे। रोली ने शोर मचाते हुए बदमाशों का पीछा किया। शोरगुल सुनकर पास में मौजूद एक ठेले वाले ने भी बदमाशों को दौड़ाया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। रोली ने पति डॉ अमित को घटना के बारे में बताया। इसके बाद अमित विभूति खंड थाने पहुंचे और मामले की जानकारी दी। आरोप है कि पुलिस ने अमित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की। परेशान होकर अमित ने पुलिस आयुक्त को पूरे मामले की जानकारी दी।घटना



के नौ दिन बाद पुलिस आयुक्त के आदेश पर लूट की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस अब सीसी फुटेज के जरिए बदमाशों की तलाश का दावा कर रही है। हालांकि अभी तक उन्हें कोई सफलता नहीं मिली है। उधर, इंस्पेक्टर विभूति खंड चंद्रशेखर सिंह का कहना है कि पीड़ित रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने पर नहीं आए थे। हालांकि, सूत्र बताते हैं कि पीड़ित पिछले एक सप्ताह से कई बार थाने का चक्कर लगा चुकी थी, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई।

# माल, मलिहाबाद, ठाकुरगंज और गोसईगंज में ताबड़तोड़ हुई चार हत्यारों से राजधानी दहली

लखनऊ। दिवाली के त्योहार पर जहां एक ओर सब खुशियां मना रहे थें। माल, मलिहाबाद, ठाकुरगंज और गोसाईगंज में ताबड़तोड़ हुई चार हत्यारों से राजधानी दहल उठी। माल इलाके के कोलवा गांव में प्रापर्टी डीलर राहुल की लूट के बाद लाठी और डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। उसका शव गांव में एक बाग में खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। बाइक, पर्स और मोबाइल गायब है। उधर, रहीमाबाद के रुसेना जगाती खेड़ा गांव में गुरुवार को किसान जगन्नाथ को दबंगो ने लाठियों से पीटकर मार डाला। जगन्नाथ का कुसूर सिर्फ इतना था कि उसने नशे में धुत होकर गाली–गलौज कर रहे पड़ोसी सुरेंद्र का विरोध किया था। ठाकुरगंज में चालक ने गलाघोंटकर पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। वहीं, गोसाईगंज में प्रापर्टी के विवाद में इकलौते बेटे ने पिता की लाठियों से पीटकर हत्या कर दी। लूट के बाद प्रापर्टी डीलर की हत्याः काकोरी के जेहटा गांव में रहने वाले राहुल प्रापर्टी डीलिंग का काम करते थें। गुरुवार रात वह बाइक से बहनोई के घर जाने की बात कहकर घर से निकला था। देर रात क घर न बहनोई के घर न पहुंचने पर परिवारीजन ने फोन मिलाया। फोन स्विच आफ मिला। खोजबीन शुरू की कुछ पता न चला। शुक्रवार सुबह परिवारीजन खोजबीन कर रहे थे। बीच माल इलाके में कोलवा गांव में शिव सागर के बाग में राहुल का शव पड़ा होने की सूचना मिली। सूचना पर एसपी ग्रामीण ह्रदयेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस बीच ग्रामीणों ने शव की फोटो इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दी।घरवालों ने शव की फोटो देखकर पहचान की। मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अहम साक्ष्य जुटाए। पास ही खून से लथपथ डंडे पड़े थे। सिर बुरी तरह कूचा गया था। बाइक, मोबाइल और पर्स भी गायब थी। भाई रिंकू और रूपेश ने बताया कि लूट के बाद भाई की हत्या की गई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि हत्याकांड की लूट, प्रेम प्रसंग और रुपयों के लेन–देन के विवाद समेत अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है। रिंकू ने बताया कि भाई के परिवार में उसकी पत्नी रीता और एक साल की एक बेटी है। गाली–गलौज के विरोध पर किसान को लाठियों से पीटकर मार डालाः किसान जगन्नाथ गुरुवार घर के बाहर खड़े थे। आरोप है कि इस बीच पड़ोस में रहने वाले सुरेंद्र नशे में धुत थे और गाली–गलौज कर रहे थे। जगन्नाथ ने सुरेंद्र से गाली–गलौज का विरोध किया। इस पर सुरेंद्र झगड़ने लगा। शोर–शराबा सुनकर सुरेंद्र पक्ष से जयराम, ज्ञानू, सुजीत, ललिया, शिवराम, रंजीत, नोखे लाठी–डंडे लेकर आ गए। सुरेंद्र और उसके पक्ष से आए लोगों ने जगन्नाथ पर हमला बोल दिया। हमले के दौरान पीट–पीटकर उसका सिर फोड़ दिया। सिर और शरीर में अन्य जगह चोटें लगने से जगन्नाथ मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस, परिवारीजन की मदद से जगन्नाथ को सीएसची लेकर पहुंची। जहां, डाक्टरों ने जगन्नाथ को मृत घोषित कर दिया।किसान जगन्नाथ की पीट–पीटकर हत्या की सूचना पर इंस्पेक्टर नित्यानंद सिंह, सीओ योगेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने जगन्नाथ के बेटे सुनील की तहरीर पर सुरेंद्र समेत आठ हत्यारोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने ज्ञानू, जयराम और सुरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया जिससे जगन्नाथ के घर का तार हिल जा रहा था और बिजली की सप्लाई बाधित हो रही थी। इस पर पिता ने विरोध किया था।जबकि अन्य की तलाश में दबिश दे रही है। जगन्नाथ के बेटे सुनील ने बताया कि दो दिन पूर्व सुरेंद्र, ज्ञानू बिजली की कटिया डाल रहे थे।जिसको लेकर पिता से विवाद हुआ था। उसी रंजिश को लेकर सुरेंद्र ने गाली–गलौज की। इसके बाद उसके घर के अन्य सदस्यों ने पिता को लाठियों से पीटकर मार डाला। सुनील ने बताया कि उनके परिवार में वह तीन तीन भाई, मां और पांच बहनें हैं। महिला की गलाघोंटकर हत्याः ठाकुरगंज इलाके में शांति नगर गऊघाट के पास फराह खान की उसके पति मोहम्मद सलमान ने गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर मो. सलमान भाग निकला। पुलिस ने फराह के भाई की तहरीर पर उसके पति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज के मुताबिक चार साल पहले सलमान का फराह से निकाह हुआ था। सलमान अलीगढ़ में रहकर गाड़ी चलाता था। तीन माह पूर्व वह यहां आया था। पत्नी से अक्सर झगड़ा होता रहता था। दोनों के बीच झगड़ा हो रहा था। पड़ोसियों ने शोर शराबा सुनकर फराह के भाई इरफान को सूचना दी। इरफान जब पहुंचा तो फराह बदहवास हालत में घर में पड़ी थी। इरफान ने पुलिस को सूचना दी और बहन को अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां, डाक्टरों ने फराह को मृत घोषित कर दिया। सलमान की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। लाठी–डंडे से पीटकर पिता को मार डालाः जमीन बंटवारे को लेकर हुए विवाद में गोसाईगंज के बरकत नगर गांव में शुक्रवार को मुकेश ने अपने पिता साहबदीन की लाठी–डंडों से पीट–पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने मुकेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश में दबिश दे रही है। इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी के मुताबिक प्रापर्टी के बंटवारे को लेकर पिता–पुत्र में कई दिनों से विवाद चल रहा था। पिता–पुत्र में झगड़ा हुआ था। इस बीच मुकेश ने लाठी–डंडे से पिता पर प्रहार कर दिया। हमले में साहबदीन का सिर फट गया और उनकी मौत हो गई। मुकेश साहबदीन का इलकौता बेटा है। पेड़ से लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंकाः जानकीपुरम इलाके में नवाखेड़ा के पास जंगल में शुक्रवार सुबह पंकज का शव बेल्ट से पेड़ के सहारे फंदे पर लटका मिला। घटना से मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के पास से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त सिकंदरपुर निवासी पंकज कुमार यादव पुत्र मनीराम यादव के रूप में की। परिवारीजन ने हत्याकर शव फंदे पर लटकाए जाने की आशंका जताई है। इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह गौर ने बताया कि प्रथमष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सरदार पटेल की जिन्ना से तुलना करने वाले बयान पर सीएम योगी ने राजनीतिक दल को लिया आड़े हाथों


लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सरदार पटेल की तुलना जिन्ना से करने वाले राजनीतिक दल को आड़े हाथों लेते हुये लोगों को ऐसे दलों से सर्तक रहने की अपील की और कहा कि एक (पटेल) देश को जोड़ने वाला था तो दूसरा (जिन्ना) देश को तोड़नेवाला था। योगी ने कहा कि आज अगर माफिया के ऊपर बुलडोजर चल रहा है तो माफिया के शरणदाताओं पर भी एक दिन जरूर चलेगा। औरैया में राजकीय मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास एवं विकास परियोजनाओं का लोकार्पणधशिलान्यास करते हुये मुख्यमंत्री ने शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम लिये बगैर कहा कि एक दल के नेता ने पिछले दिनों एक वक्तव्य जारी किया था और भारत की अखंडता के प्रतीक सरदार पटेल की तुलना देश को तोड़ने वाले जिन्ना से करने का प्रयास किया था, इस प्रकार के शर्मनाक और निंदनीय बयानों को पूरे प्रदेश को खारिज करना चाहिये। गौरतलब है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को हरदोई में एक भाषण में कहा था, सरदार वल्लभ भाई पटेल, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और (मोहम्मद अली) जिन्ना ने पढ़ाई की और बैरिस्टर बने तथा भारत की आजादी के लिए किसी भी संघर्ष से पीछे नहीं हटे। अखिलेश के इस बयान पर जवाब देते हुये योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक सरदार पटेल देश को जोड़ने वाले थे और भारत की एकता अखंडता के प्रतीक हैं, भारत की ५६३ से अधिक रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाने का श्रेय अगर किसी एक महापुरूष को जाता हैं तो वह लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल को जाता है। वहीं दूसरी तरफ जिन्ना भारत को तोड़ने वाले थे। उन्होंने कहा, आज



जिन्ना और सरदार पटेल की तुलना करने का प्रयास हो रहा है, हमें ऐसे तत्वों के मंसूबो को समझना होगा। सरदार पटेल देश को जोड़ने वाले थे और जिन्ना देश को तोड़ने वाले थे। दोनो समकक्ष नही हो सकते, सरदार पटेल राष्टनायक है लेकिन जिन्ना भारत की एकता को खंडित करने वाले हैं। जो लोग यह तुलना करने का प्रयास कर रहे हैं हमें उनसे सतर्क रहना होगा। योगी ने कहा कि आज प्रदेश बदल रहा है प्रदेश की छवि बदली है पहले पेशेवर अपराधी और माफिया, गरीब का व्यापारी का, बेटियों और बहनो का जीना हराम कर देते थे और अगर माफिया के ऊपर बुलडोजर चल रहा है तो माफिया के शरणदाताओं पर भी जरूर चलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पहले पर्व एवं त्योहार आते ही दंगे शुरू हो जाते थे, आस्था पर भी कुठराघात होता था, छोटे बड़े सभी व्यापारियों की कमाई भी लुट जाती थी। उन्होंने कहा कि यहीं नही आमजन की आस्था पर प्रहार तो होता ही था झूठे मुकदमे सामान्य नागिरकों पर लादकर उन्हें जेल में बंद कर दिया जाता था। आदित्यनाथ ने कहा, आपने पिछले साढेघ चार वर्ष में देखा होगा कि प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ और जिसने दंगा करने का प्रयास किया, उनको दो टूक बता दिया गया है। दंगा करना छोड़ दो, आस्था के साथ खिलवाड़. करना छोड़ दो और अगर करोगे तो ब्याज सहित वसूली भी होगी। योगी ने कहा कि संवेदनशील सरकार बिना भेदभाव के काम करती है, विकास योजनाओं में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करती है और सबको समान रूप से लाभ दे रही है। लेकिन तुष्टीकरण किसी का नही करती है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में चल रही विकास योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी और केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोलियम पदार्थो पर उत्पाद शुल्क हटाये जाने की प्रशंसा की।

## राशन को लेकर केजरीवाल ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर की ये मांग, गरीबों को होगा फायदा

नई दिल्ली । दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को छह महीने बढ़ाने की मांग की है। केजरीवाल ने इस चिट्ठी में लिखा है कि देश में इस वक्त कमरतोड़ मंहगाई है और एक आम आदमी को दो वक्त की रोटी मिलना मुश्किल हो रहा है। कोरोना काल में कई लोगों के रोजगार भी चले गए हैं। उनके पास कमाई का कोई भी जरिया नहीं है। ऐसे में मेरी विनती है कि केंद्र सरकार लोगों को अतिरिक्त मुफ्त राशन देने की ये योजना छह महीने के लिए बढ़ा दे। कोरोना के दौरान दिल्ली सरकार जितना राशन देती थी जो केंद्र से आता था। उतना ही केंद्र सरकार की तरफ से और



बढ़ा दिया गया, यानी की दोगुना कर दिया गया। जिसमें केंद्र और दिल्ली की सरकार मिलकर इस राशन को दिलाया करती थी। ये योजना नवंबर महीने में खत्म हो रही थी। यानी की केंद्र सरकार की तरफ से जो राशन फ्री में दिया जा रहा था। उसे नवंबर महीने से बंद किया जाना था। अरविंद केजरीवाल ने एक खत लिखकर कहा है कि केंद्र सरकार भी उस राशन को अगले छह महीने के लिए जारी करे और दिल्ली सरकार भी फ्री में अगले छह महीने के लिए राशन सेवा को जारी रखेगी ताकी जिन लोगों को कोरोना के दौरान व्यापार या नौकरी में नुकसान हुआ उनके घर ठीक से चलते रहे। इसी को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने सीधा खत प्रधानमंत्री मोदी को लिखा है।

## भैया दूज पर जेल में बंद भाइयों का तिलक करने के लिए पहुंचीं बहनें,लगी लम्बी लाइन

मेरठ। शनिवार को भाई दूज का पर्व शहर से लेकर जेल तक धूमधाम से मनाया गया। भैया दूज मनाने बहनें अपने भाइयों से मिलने जेल पहुंचीं। इस मौके पर बहनों ने भाई को मंगल तिलक किया और उनके दीर्घायु होने की कामना की। मेरठ जेल में बहनों की लंबी लाईन लग गई। चौधरी चरण सिंह जिला कारागार में शनिवार सुबह ८ बजे से जेल में पर्व मनाया जा रहा है, जेल प्रशासन ने महिलाओं की परेशानी देखते हुए कहा की किसी भी महिला को वंचित नहीं रहने दिया जायेगा। अधिकारिक तौर पर जेल प्रशासन ने शाम ५ बजे तक का समय रखा है। मेरठ जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया की सुबह ८ बजे से शाम ५ बजे तक बहन जेल में भैया दूज की रस्म पूरी कर सकती हैं। सुबह से ही बहनों का आना शुरू हो गया था। बहनों के लिए जेल प्रशासन की तरफ से पानी, चाय व बिस्किट



की व्यवस्था की गई है। बैठने के लिए जेल परिसर के बाहरी हिस्से में टेंट लगवाया गया है, किसी भी बहन को कोई परेशानी न हो इसके लिए महिला सुरक्षा कर्मियों का स्टाफ लगाया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को देखते ही अलग से टीम लगाकर सामान चेक किया जा रहा है। साल २०२० में कोरोना के चलते जेल में भैया दूज का पर्व नहीं मनाया गया था।लेकिन इस वर्ष शनिवार सुबह ७ बजे से ही जेल के बाहर लाइन लगनी शुरू हो गईं। बहन भैया दूज पर अपने भाइयों के लिए गोला, मिठाई, हाथ में बांधने के लिए कलावा, कपड़े और अन्य सामान भी लेकर पहुंचीं। जेल के बाहर पर्ची काउंटर पर भी भीड़ लगी रही। एक साथ २०-२० महिलाओं को ही भेजा जा रहा है। जेल में भैया दूज मनाने पहुंचीं बहनों की आंखों में जेल के बाहर ही आंसू बहने लगे, अपने परिवार के साथ सदस्यों के साथ पहुंची महिलाएं कपड़े से आंसू पोछतें हुए नजर आईं। कई महिलाएं भावुक भी नजर आईं।

## नवजोत सिद्धू सरकार के कामकाज में बाधा डाल रहे, फैला रहे भ्रामक सूचना : देओल

चंडीगढ़। पंजाब के महाधिवक्ता एपीएस देओल ने शनिवार कोकांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू पर हमला बोला तथा उन पर राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए सरकार के कामकाज में बाधा डालने और गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया। देओल की यह टिप्पणी सिद्धू द्वारा पंजाब कांग्रेस प्रमुख पद से अपना इस्तीफा वापस लेने के एक दिन बाद आई है। इस्तीफा वापस लेने के बाद सिद्धू ने ऐलान किया था कि वह तब तक पदभार ग्रहण नहीं करेंगे जब तक देओल को महाधिवक्ता पद से हटाया नही जाता है और नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति के लिए पैनल का गठन नहीं किया जाता है। सिद्धू ने २८ सितंबर को कांग्रेस अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया था। देओल ने बयान जारी कर कहा कि सिद्धू की बयानबाजी नशे और और बेअदबी के मामलों में न्याय सुनिश्चित करने के प्रदेश सरकार के गंभीर प्रयासों को पटरी से उतारने का प्रयास है। उन्होंने आरोप लगाया, "नवजोत सिंह सिद्धू सरकार और महाधिवक्ता के कार्यालय के कामकाज में बाधा डाल रहे हैं और वह अपने राजनीतिक सहयोगियों पर राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए गलत सूचना फैला रहे हैं।" महाधिवक्ता ने आरोप लगाया, " पंजाब में आसन्न विधानसभा के मद्देनजर निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए कांग्रेस पार्टी को नुकसान पहुंचानेऔर राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए पंजाब के महाधिवक्ता के संवैधानिक कार्यालय का राजनीतिकरण करने के पुख्ता प्रयास किए जा रहे है।" अमृतसर पूर्व के विधायक सिद्धू देओल और पुलिस महानिदेशक इकबालप्रीत सिंह सहोता की नियुक्ति का विरोध कर रहे हैं। देओल और सहोता दोनों को मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की पसंद का माना जाता है। पिछले महीने सिद्धू ने कहा था कि अगर महाधिवक्ता और पुलिस



महानिदेशक को नहीं हटाया गया तो कांग्रेस का कोई चेहरा नहीं होगा। देओल ने २०१५ मेंबेअदबी की घटनाओं और प्रदर्शनकारियों पर पुलिस गोलीबारी से संबंधित मामलों में पंजाब के पूर्व पुलिस महानिदेशक सुमेध सिंह सैनी की पैरवी की थी जबकि सहोता को पिछली शिअद-भाजपा सरकार ने बेअदबी की घटनाओं की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल का प्रमुख बनाया था। देओल ने अतुल नंदा का स्थान लिया था, जिन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री के रूप में अमरिंदर सिंह के इस्तीफे के बाद सितंबर में यह पद छोड़ दिया था। इस हफ्ते की शुरुआत में ऐसी खबरें आई थीं कि देओल ने एजी पद से इस्तीफा देने की पेशकश की थी। हालांकि वरिष्ठ अधिवक्ता ने इन खबरों का खंडन किया।

## दिल्ली-दोहा फ्लाइट में यात्री हुआ अचानक बेहोश, मसीहा डॉक्टर ने बचाई जान, फिर क्रू मेंबर ने किया कुछ ऐसा

नयी दिल्ली। दोहा की उड़ान के दौरान मंगलवार को एक शख्स शौचालय में ही बेहाश हो गया और फर्श पर गिर गया। शख्स के मुंह से झाग भी निकलने लगा। इस दौरान चालक दल ने फोन कर प्लेन में घोषणा की क्या प्लेन में कोई डक्टर मौजुद है? घोषणा के तुरंत बाद ही डक्टर नदीम जिलानी जो कि उसी प्लेन में मौजुद थे उन्हेंने अपनी पहचान बताई और तुरंत यात्री की जान बचाई। अंग्रेजी अखबार के मुताबिक, डॉक्टर नदीम जिलानी अलीगढ़ में अपने बड़े भाई के अंतिम संस्कार कर कतर लौट रहे थे, उसी दौरान यह घटना हुई। यात्री की तुरंत जान बचाने के बाद आभारी चालक दल के सदस्यों ने नदीम को एक अनोखे अंदाज में धन्यवाद किया। ज्व् के मुताबिक, बाल रोग विशेषज्ञ नदीम जिलानी को धन्यवाद के तौर पर बिजनेस क्लास में अपग्रेड किया और फिर दोहा में जिलानी जब प्लेन से उतर रहे थे तो चालक सदस्यों ने उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दिया। विस्तारा की दिल्ली–दोहा की उड़ान के एक घंटे बाद ही एक यात्री प्लेन के बाथरूम में ही बेहोश होकर फर्श पर गिर गया



था। यात्री की सांस नहीं चल रही थी और उसके मुंह से झाग भी निकल रहा था। इसी बीच मसीहा बनकर डक्टर नदीम जिलानी ने यात्री को तुरंत सीपीआर देना शुरू किया और लगभग ३० सेकंड के बाद यात्री को होश आया। बिहार के दरभंगा के रहने वाले डॉक्टर नदीम जिलानी ने बताया कि, उनके बैग में हमेशा एक स्टेथोस्कोप और एक बीपी रिकॉर्डर रहता है, उन्होनें उस शख्स का बीपी भी चेक करने की कोशिश की थी। होश में आने के बाद शख्स की पहचान हैदराबाद के संतोष के रूप में हुई। विस्तारा के प्रवक्ता ने कहा कि श्यात्री शौचालय में बेहोश हो गया था। तभी यात्रियों में से एक तुरंत आगे आया और उसको बचाया। केबिन क्रू द्वारा यात्री की अच्छी तरह से देखभाल की गई और डक्टर ने जो भी सलाह दी, वह भी किया गया। यात्री दोहा में उतरने में सक्षम था। हम डॉक्टर के बहुत आभारी हैं। दिल्ली से रात ८ बजे उड़ान भरने वाली फ्लाइट में एयरहोस्टेस ऐश्वर्या ने यात्रा के दौरान भी ड्यूटी पर रहने के लिए ड ॉक्टर को धन्यवाद दिया। वहीं जिलानी ने कहा कि, ष्जब उन्होंने विमान से उतरना शुरू किया तो एग्जिट गेट पर दोनों तरफ फ्लाइट अटेंडेंट खड़े थे और सभी मुझे स्टैंडिंग ओवेशन दे रहे थे।

## मई २०२२ तक मुफ्त राशन देगी दिल्ली सरकार, मुख्यमंत्री केजरीवाल ने योजना छह महीने और बढ़ाई

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार ने मुफ्त राशन देने की अपनी योजना छह महीने के लिए मई २०२२ तक बढ़ा दी है। यह जानकारी दी। केजरीवाल ने ट्वीट किया, "महंगाई बहुत ज्यादा हो गई है। आम आदमी को दो वक्त की रोटी भी मुश्किल हो रही है। कोरोना की वजह से कई बेरोजगार हो गए। प्रधानमंत्री जी, गरीबों को मुफ्त राशन देने की इस योजना को ेपया छह महीने और बढ़ाया जाए। दिल्ली सरकार अपनी मुफ्त राशन योजना छह महीने के लिए बढ़ा रही है।" केजरीवाल के बयान से एक दिन पहले खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय ने कहा था कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन वितरण योजना को ३० नवंबर से ज्यादा आगे बढ़ाने का केंद्र सरकार का कोई इरादा नहीं है।" दिल्ली सरकार, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा



कानून २०१३ तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लाभार्थियों को मुफ्त राशन वितरित करती है। शहर में उचित मूल्य की दो हजार से ज्यादा दुकानें हैं, १७.७७ लाख राशन कार्ड धारक हैं और ७२.७८ लाख लाभार्थी हैं।

## केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद किए गए, २.४० लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने किए दर्शन

देहरादून। सर्दियों के मौसम में होने वाली बर्फबारी के मद्देनजर उत्तराखंड में स्थित भगवान शिव के धाम केदारनाथ मंदिर के कपाट



शनिवार को बंद कर दिए गए। चारधाम देवस्थानम बोर्ड के मीडिया प्रकोष्ठ की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक पुजारी बागेश लिंग ने सभी धार्मिक अनुष्ठान पूरे किए, जिसके बाद सुबह करीब आठ बजे मंदिर के कपाट सर्दियों के लिये बंद कर दिए गए। मंदिर के कपाट बंद होने के बाद, बाबा केदार (भगवान शिव) की पंचमुखी मूर्ति को फूलों से सजी पालकी में ऊखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर में ले जाया गया, जहां सर्दियों के महीनों में उनकी पूजा की जाती है। इस वर्ष सितंबर में चार धाम यात्रा शुरू होने के बाद से लेकर अब तक २.४० लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने केदारनाथ मंदिर में दर्शन किए। इससे पहले शुक्रवार को गंगोत्री धाम के कपाट भी बंद कर दिए गए। यमुनोत्री धाम के कपाट शनिवार को ही बंद किए जाएंगे जबकि २० नवंबर को बद्रीनाथ मंदिर के कपाट बंद होने के साथ ही चारधाम यात्रा संपन्न हो जाएगी।

## 125 साल के बुजुर्ग ने कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगवाई, उम्र देख चौंके स्वास्थकर्मी

वाराणसी । भारत में कोविड –१६ टीकाकरण अभियान ने पिछले कुछ हफ्तों में विश्व रिकॉर्ड संख्या हासिल किया है। बता दें कि, देश का ब्व्टप्क्–१६ टीकाकरण अभियान पिछले कई महीनों से दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान रहा है। जानकारी के लिए बता दें कि, भारत ने एक दिन में एक अरब COVID–१६ वैक्सीन खुराक दी, जिसके बाद विश्व नेताओं तक ने केंद्र सरकार के प्रयासों की सराहना की। वहीं, डब्ल्यूएचओ के प्रमुख ने भी प्रधानमंत्री मोदी को ट्वीट कर बधाई दी थी। देश में १८ साल से कम उम्न के लोगों को छोड़कर सभी आयु वर्ग के लोगों को कोरोना टीका लगाया जा रहा है। इसी बीच १२५ साल के बुजुर्ग ने वाराणसी में कोरोना की दूसरी खुराक ले ली है। स्वामी शिवानंद ने वैक्सीन की अपनी दूसरी खुराक लेकर टीकाकरण अभियान में अपना योगदान दिया है। बता दें कि, १२५ साल की उम्र में भारत में वैक्सीन प्राप्त करने वाले शिवानंद सबसे बुजुर्ग प्राप्तकर्ता माने जा रहे है।जब वह वैक्सीन लगवाने टीकाकरण केन्द्र पहुंचे तो आधार कार्ड पर लिखी उम्र देख स्वास्थकर्मियों के होश उड़ गए थे। शिवानंद ने सीएमओ कार्यालय परिसर स्थित नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गाकुंड में वैक्सीन लगवाई। स्वामी शिवानंद ने अपने लंबे जीवन का रहस्य बताते हुए कहा कि, वह हर दिन योगाभ्यास करते हैं और बिना तेल और मसालों के खाना खाते हैं। शिवानंद अकेले काशी मे रह रहे है और उन्हें कोई भी बीमारी नहीं है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ सारिका राय ने कहा कि, स्वामी शिवानंद पिछले कई वर्षों से काशी में रह रहे हैं। उनकी जन्मतिथि ८ अगस्त १८६६ है। स्वामी शिवानंद बंगाल के श्रीहट्ट जिले के मूल निवासी हैं। लेकिन वह वाराणसी के भेलपुर स्थित कबीर नगर कलोनी में करीब ४० साल से रह रहे हैं।

## दिल्ली में एक मकान में लगी भीषण आग, १२ साल के बच्चे की झुलसकर मौत

नयी दिल्ली। दिल्ली के बुराड़ी इलाके में शुक्रवार शाम एक मकान में आग लग जाने पर उसमें



झुलसकर १२ साल के एक बच्चे की मौत हो गई। दमकल विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तोमर कलोनी में स्थित मकान की प्रथम मंजिल पर घरेलू उपयोग की वस्तुओं में आग लग गई थी। अध्िाकारियों ने बताया कि उन्हें रात आठ बजकर ५४ मिनट पर घटना के बारे में सूचना मिली जिसके बाद तीन दमकल वाहन आग बुझाने के लिए मौके पर गये। उन्होंने बताया कि पुनीत नाम के १२ वर्षीय बच्चे की आग में झुलसने से मौत हो गई।

## सेल्फी बनी जानलेवा ,तीसरी मंजिल से गिरा युवक हुई मौत

मेरठ। मेरठ के दिल्ली रोड स्थित शापरिक्स माल में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहाँ सेल्फी लेने के फेर में एक युवक मॉल की तीसरी मंजिल से नीचे आ गिरा। लहूलुहान युवक को तुरंत निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल भेजा गया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मॉल में हड़कंप मच गया। पुलिस मॉल के सुरक्षा उपाय की जांच में जुट गई है। शुक्रवार शाम करीब सात बजे यह हादसा हुआ। दिल्ली निवासी आमिर (२२) मजदूरी करता है। आमिर छह महीने से श्याम नगर स्थित अपनी मौसी शबाना के घर पर रह रहा था। शुक्रवार शाम वह अपने एक दोस्त फैसल के साथ शापरिक्स माल में घूमने के लिए आया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वह मॉल में तीसरी मंजिल पर पहुंचकर रेलिंग पर बैठकर मोबाइल से सेल्फी ले रहा था। अचानक उसका संतुलन बिगड़ा और वह तीसरी मंजिल से सीधे फर्श पर आ गिरा। युवक के गिरते ही पूरे मॉल में अफरातफरी मच गई। सिक्योरिटी गार्ड ने उसे आनन फानन में केएमसी नर्सिंग होम पहुंचाया। हालत गंभीर देख उसे मेडिकल रेफर किया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर ब्रहमपुरी दिनेश चंद्र शर्मा का कहना है कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह मॉल में तीसरी मंजिल की रेलिंग पर खड़ा होकर सेल्फी ले रहा था। पैर फिसलने से हादसा हुआ है।

## गोदाम से हजारों रुपये की बैट्री चोरी

लखनऊ। आशियाना इलाके में बेखौफ चोरों ने सेक्टर जे स्थित एक गोदाम से हजारों रुपये की बैट्री चोरी कर ले गए।



पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामलें की जांच में जुटी है। मूल रूप से जनपद उन्नाव के रहने वाले सचिन सेक्टर जे में किराए पर रहकर आइसक्रीम का गोदाम बना रखे है। पीड़ित के मुताबिक वह बीते गुरुवार को दिवाली मनाने पैतृक गांव गए हुए थे। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे पड़ोसियों ने फोन कर गोदाम में चोरी होने की जानकारी दी। मौके पर पहुचने पर देखा कि ताले टूटे हुए थे व एक कमरे में रखी ३० बैटरी चोरों ने पार कर दी। सचिन के मुताबिक,चोरी हुई बैट्रियों की कीमत लगभग पचास हजार रुपये है ।

## दिल्ली के बड़े कारोबारी को नौकरों ने मिलकर लगायी चपत

नयी दिल्ली। दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके में शुक्रवार को दो घरेलू सहायिकाओं ने अपने तीन साथियों के साथ एक कारोबारी के घर से नकद और करीब दो करोड़ रुपये मूल्य के गहने कथित रूप से लूट लिए। पुलिस के मुताबिक, उन्हें शाम छह बजकर चार मिनट पर पश्चिम विहार ईस्ट में लूटपाट होने की सूचना मिली। हरमीत कौर (४६) और उनके कारोबारी पति ने करीब डेढ़ महीने पहले मीना और हेमा कुमारी को घरेलू सहायिका के तौर पर काम पर रखा था तथा उन्हें रहने के लिए घर के भूतल पर जगह मुहैया कराई थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शाम करीब चार बजे दो में से एक घरेलू सहायिका की मदद से एक अज्ञात व्यक्ति घर में घुस आया और उसने पेचकस से कौर को धमकाया। इस बीच, दो और लोग अंदर आ गए। उन्होंने बताया कि पांचों लोगों ने घर के सभी कमरे की तलाशी ली और नकद तथा दो करोड़ रुपये मूल्य के जेवरात लेकर फरार हो गए। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# ISI की भारत विरोधी साजिश, डालना चाहता है सिखों और हिन्दुओं के बीच दरार?

नई दिल्ली। पाकिस्तान भारत विरोधी एक और साजिश में जुटा है। पाकिस्तान हिन्दुओं और सिख के बीच दरार डालने की साजिश रच रहा है। सिख जत्थों के साथ



यात्रा के लिए हिन्दुओं को वीजा नहीं मिल रहा है। सिख समूहों ने दिल्ली में पाक उच्चायुक्त पर आरोप लगाया। हिन्दू श्रद्धालु गुरुनानक जयंती पर पाक जाना चाहते। एक अखबार से बात करते हुए भाई मर्दाना यादगरी कीर्तन दरबार सोसाइटी के अध्यक्ष हरपाल सिंह भुल्लर ने कहा कि हिंदू अनुयायी पिछले कई महीनों से बड़ी संख्या में पड़ोसी मुल्क के सिख मंदिरों के दर्शन के लिए वीजा अप्लाई कर रहे हैं लेकिन हर बार उन्हें किसी कारणवश इनकार कर दिया जाता है। बड़ी संख्या में हिन्दू अनुयायी गुरुनानक जयंती पर पाक जाना चाहते हैं। हर साल ऐसा होता है। पाकिस्तान जाने के लिए करीब सवा तीन हजार लोगों ने वीजा के लिए आवेदन किया। प्रोटोकडल समझौते के तहत सिर्फ २५०० वीजा ही जारी किए जाएंगे। हिन्दुओं को वीजा देने से इनकार करना आईएसआई की भारत विरोधी साजिश का हिस्सा हैं। बता दें कि देश के विभाजन के बाद नेहरू–अली समझौता के तहत हर वर्ष अलग–अलग सिख धार्मिक पर्वों पर ३००० श्रद्धालुओं को पाकिस्तान में धार्मिक स्थानों के दर्शन करने के लिए वीजा देने का समझौता हुआ था। लेकिन अब २४०० से लेकर २६०० तक श्रद्धालु ही पाकिस्तान जा पा रहे है। बड़ी संख्या में हिन्दू अनुयायी सिख तीर्थस्थल में पूजा के लिए वीजा के लिए अप्लाई करते हैं। बहुत सारे हिंदू श्रद्धालुओं के नाम वीजा सूची में से काट दिए जाते हैं। पाकिस्तानी दूतावास पिछले पांच व छह वर्षों से ये कारस्तानी कर रहा है। आईएसआई ने हिन्दुओं और सिख के बीच शुरू से दरार डालने का काम किया है। खालिस्तान को बढ़ावा इसी का हिस्सा है।

# आर्यन खान ड्रग्स मामले से हटे समीर वानखेड़े, नयी टीम करेगी जांच

मुम्बई। एनसीपी नेता और कैबिनेट मंत्री नवाब मलिक ने शनिवार को एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े पर एक और हमला किया। नवाब मलिक ने वानखेड़े पर गंभीर आरोप लगाते हुए समीर श्दाऊदश वानखेड़े के रूप में संदर्भित किया। उन्होंने कहा कि अब यह देखना बाकी है कि कौन सी विशेष जांच टीम एनसीबी अधिकारी की ष्नापाक निजी सेनाष् का पर्दाफाश करती है। आर्यन खान–मुंबई क्रूज ड्रग्स मामले की जांच शुक्रवार को एनसीबी के मुंबई जोन से एजेंसी की केंद्रीय टीम को ट्रांसफर कर दी गई। समीर वानखेड़े, जिनके खिलाफ मुंबई क्रूज ड्रग्स मामले में कथित जबरन वसूली के आरोपों की जांच की जा रही है, अब जांच की निगरानी नहीं करेंगे। नवाब मलिक की यह टिप्पणी उस दिन आई है जब नवगठित एसआईटी टीम के प्रमुख संजय सिंह विभिन्न मामलों को देखने के लिए मुंबई का दौरा करेंगे। शनिवार को नवाब मलिक ने ट्वीट किया, श्मैंने आर्यन खान से अपहरण और फिरौती की मांग के लिए समीर दाऊद वानखेड़े की जांच के लिए एसआईटी जांच की मांग की थी। अब २ एसआईटी गठित (राज्य और केंद्र), देखते हैं कौन वानखेड़े की कोठरी से कंकाल निकालता है और उसे और उसकी नापाक निजी सेना को बेनकाब करता है। इस बीच, खबर सामने आने के बाद कि उन्हें आर्यन खान ड्रग्स मामले से हटा दिया गया है, समीर वानखेड़े ने कहा, मैं एनसीबी की मुंबई इकाई का जोनल निदेशक हूं और रहेगा। मुझे उस पद से नहीं हटाया गया है। समीर



वानखेड़े ने एएनआई के हवाले से कहा मुझे जांच से नहीं हटाया गया है। अदालत में मेरी रिट याचिका थी कि मामले की जांच एक केंद्रीय एजेंसी द्वारा की जाए। इसलिए आर्यन मामले और समीर खान मामले की जांच दिल्ली एनसीबी द्वारा की जा रही है। यह दिल्ली की एनसीबी टीमों के बीच समन्वय है। समीर वानखेड़े की पत्नी क्रांति रेडकर और बहन यास्मीन वानखेड़े ने ट्विटर पर एनसीबी की प्रेस विज्ञप्ति पोस्ट की और कहा कि उन्हें उनके पद से नहीं हटाया गया है।

# बाजार गए युवक को मछली विक्रेता ने जमकर पिटाई कर काटे कान

लखनऊ। आशियाना कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार शाम अपने घर से बाजार सामान खरीदने गये युवक को मछली विक्रेता ने अपने परिवारीजनो संग मिलकर युवक पर लाठी डंडे से हमला बोल दिया और उसके एक कान नीचे से काट लिये। खून से लथपथ युवक के शोर मचाने पर हमलावर भाग निकले वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को लोकबंधू अस्पताल ले गई जहाँ डाक्टरो ने हालत गंभीर देख ट्रामा के लिये रेफर कर दिया है ।वहीं पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है ।शारदा नगर के रूचि खंड द्वितिय में रहने वाला आशिष कश्यप पुत्र कैलाश कुमार कश्यप के मुताबिक वह शुक्रवार शाम लगभग ८ः०० बजे अपने घर से सर्पोटगंज पुल के पास सामान खरीदने गया था इसी दौरान बाजार में मछली बेचने वाले उदय राज साहू उर्फ लकी अपने भाई सूरज व बहन संग मिलकर पीछे से लाठी डंडे से हमला कर दिया जिससे वह लड़खड़ा कर जमीन पर गिर पड़ा इसी दौरान उसकी बहन ने अपने मुंह से मेरे कान काट लिये शोर मचाने पर आसपास के लोगों को एकत्र होता देख हमलावर भाग निकले ।वहीं सूचना पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस ने घायल को नजदीकी लोकबंधू अस्पताल ले गई ।अस्पताल में डक्टरों ने गंभीर हालत देख प्राथमिकी उपचार कर ट्रामा के लिये रेफर कर दिया । इंस्पेक्टर आशियाना के मुताबिक पीड़ित ने हमलावरों के खिलाफ नामजद लिखित शिकायत की है जिस पर मुकदमा दर्ज किया गया है ।मेडिकल आधार पर धाराओ की बढ़ोत्तरी किया जायेगा ।

# युवती ने पंखे के हुक में चादर से लगाईं फांसी,मौत

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली इलाके में किराए के मकान में रहने वाली युवती ने शनिवार सुबह घर में लगे पंखे के हुक में चादर के साहरे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती को फंदे के सहारे झूलता देख मकान मालिक ने पुलिस को कन्ट्रोल रूम पर जानकारी दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका के पास से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस युवती के आत्महत्या का कारण पता करने में जुटी बीजेपी,है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के आदर्श नगर मोहल्ले में किराए के मकान में रहने वाली २५ वर्षीय युवती अर्पणा शुक्ला पुत्री दिनेश चन्द्र शुक्ला मूल रूप से १६३ मयूर विहार कालोनी वकारतपुर पूर्वी थाना शाहपुर गोरखपुर ने शनिवार सुबह पंखे के हुक में चादर के साहरे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मकान मालिक इंद्रजीत कौर ने पुलिस को कन्ट्रोल रूम पर युवती के आत्महत्या किए जाने की जानकारी दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को मृतका के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतका के मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। युवती के मकान मालिक इंद्रजीत कौर के मुताबिक मृतका अर्पणा मेडिकल की तैयारी कर रही थी और करीब १२ दिन पहले उनके मकान में किराए पर रहने के लिए आई थी।

# दबंग युवको ने कार सवार को जमकर पिटा,किया लहूलुहान

लखनऊ। आशियाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार शाम अपनी कार से अपने भाई व दोस्त संग घर वापस लौट रहे कार सवार ने सड़क पर बर्थडे पार्टी मना रहे युवकों से हार्न बजाकर पास मांगा तो पार्टी कर रहे युवकों ने कार को क्षतीग्रस्त करते हुए उसमें सवार लोगों को खिचकर पीटाई करने लगे और वाहन स्वामी को बेरहमी से पिटाई कर लहूलुहान करते हुए अचेत अवस्था में सड़क के किनारे नाले में फेक कर फरार हो गए ।वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए लोकबंधू अस्पताल ले गई।पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आशियाना कोतवाली क्षेत्र के किला मोहम्मदी नगर ५८४६३६४६ ४ में रहने वाले हिमांशु सिंह पुत्र सुशील सिंह अपनी होंडा अमेज कार से शुक्रवार शाम लगभग ६ः३० बजे अपने भाई अभिषेक सिंह, चचेरे भाई व दोस्त अनूप पाल के साथ शहीद नगर से वापस घर लौट रहे थे इसी दौरान रजनीखंड के प्रियम प्लाजा के सामने लगभग दस बारह युवक सड़क पर अपनी गाड़ी खड़ी कर बर्थडे पार्टी मना रहे थे। कार सवार ने हार्न बजाकर पास मांगा तो पार्टी मना रहे युवक आक्रोशीत हो गए और कार पर हमला बोल तोड़ फोड़ करते हुए उसमें सवार लोगों को खिचकर बेरहमी से लोहे की राड से हमला करने लगे जिससे सभी गम्भीर रूप से चोटिल हो गए वहीं कार चला रहे हिमांशु को अधमरा कर अचेत अवस्था में नाले में फेंक कर फरार हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए लोकबंधू अस्पताल ले गई जहाँ गंभीर रूप से घायल हिमांशु का भर्ती कर इलाज चल रहा है। आशियाना कोतवाली प्रभारी धीरज शुक्ला के मुताबिक पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ गंभीर धाराओ में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## धनतेरस पर बाजारों में दिखी भीड़ लोगों ने की जबरदस्त खरीदारी

लखनऊ। धनतेरस के मौके पर बाजारों में जबरदस्त भीड़ रही। लोगों ने जमकर खरीदारी की। इससे दुकानदारों के चेहरे भी खिले हुए नजर आए। सर्राफा बाजार और अन्य बाजारों में पुलिस की गश्त बढ़ाई गई।धनतेरस के अवसर पर मंगलवार को बाजारों में जबरदस्त भीड़ दिखाई दी। सबसे अधिक खरीदारी बर्तनों की हुई। पुलिस ने सर्राफा बाजार तथा अन्य बाजारों में पुलिस गश्त बढ़ाई है। साथ ही विभिन्न स्थानों पर पुलिस पिकेट भी स्थापित की गई है। पुलिस ने कस्बे में पैदल मार्च कर दुकानदारों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पारंपरिक मान्यता के अनुसार ध नतेरस पर चांदी, पीतल आदि ध ातुओं की वस्तुओं को खरीदना भी शुभ माना जाता है। लोगों ने अपनी अपनी हैसियत के अनुसार वस्तुएं खरीदीं। वहीं मान्यता अनुसार ध नतेरस पर झाड़ू खरीदना शुभ माना जाता है। इस दिन झाड़ू खरीदने की परंपरा के चलते बांस और फूल की झाड़ू की खूब बिक्री हुई।

## भाजपा की ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष बने डा. लक्ष्मीकांत वाजपेयी

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी ने अगले साल उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले दूसरे दलों से आने वाले नेताओं को पार्टी में शामिल करने से पहले उनकी स्क्रीनिंग के लिए ज्वाइनिंग कमेटी का गठन किया है। भाजपा ने ज्वाइनिंग कमेटी का अध्यक्ष डा. लक्ष्मीकांत वाजपेयी को बनाया है और दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व डा. दिनेश शर्मा के साथ–साथ पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह को इसका सदस्य नियुक्त किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की ओर से ज्वाइनिंग कमेटी बनाए जाने की शुक्रवार को घोषणा की।डा. लक्ष्मीकांत वाजपेयी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। वह वर्ष २०१२ से लेकर २०१४ तक उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष थे। इस दौरान पार्टी ने वर्ष २०१४ के लोकसभा चुनाव में यूपी में ७१ सीटें जीती थी। अब पार्टी ने इनकी वरिष्ठता और अनुभव को ध्यान में



रखकर इनको अहम जिम्मेदारी सौंपी है। यही नहीं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। ऐसे में ज्वाइनिंग कमेटी में उनके संगठनात्मक अनुभव का भी लाभ मिलेगा।मालूम हो कि डा. लक्ष्मीकांत वाजपेयी वर्ष २०१७ में मेरठ शहर सीट से विधान सभा चुनाव हार गए थे। इसके बाद से उनके पास कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी नहीं थी। उनको यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर ब्राह्मणों को भी साधने की कोशिश की गई है। डा लक्ष्मीकांत वाजपेयी आज भी अपनी सादगी के लिए जाने जाते हैं। चार बार विधायक रह चुके लक्ष्मीकांत बाजपेई मेरठ में स्कूटर से चलते हैं। दिसंबर २०१२ में उन्हें भाजपा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। पिछले दिनों अचानक से जतिन प्रसाद को भाजपा में शामिल कराने के बाद पार्टी में उनकी पुरानी साख लौटने लगी। उनको वरिष्ठ नेताओं की बैठक में लखनऊ बुलाया भी गया था। भाजपा के प्रभारी राधा मोहन सिंह भी उनके घर पहुंच कर मुलाकात की थी।

## सड़क दुर्घटना में सपा महिला नेता गंभीर रूप से घायल

लखनऊ। लखनऊ के कैसरबाग स्थित सपा कार्यालय में होने वाली मासिक बैठक में भाग लेने जा रही महिला सभा की जिला सचिव सरोज यादव निलमथा–नगराम मार्ग पर नरपत गंज के निकट सड़क पर जगह जगह बेतरतीब ढंग से पड़ी गिट्टी में फंसकर स्कूटी समेत लड़खड़ा कर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गईं। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहाँ मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पैर में फ्रेक्चर होने के चलते हड्डी के अस्पताल सिग्मा रेफर कर दिया। जहाँ उनके पैर का अपरेशन व उपचार कुशल चिकित्सकों की देखरेख में किया जा रहा है। सपा महिला सभा की जिला सचिव सरोज यादव सोमवार को अपनी स्कूटी से अपनी बेटी प्रगति के साथ कैसरबाग, लखनऊ में होने वाली सपा की मासिक बैठक में हिस्सा लेने जा रही थीं तभी नरपत गंज गांव के निकट सड़क पर पड़ी गिट्टियों में फंसकर लड़खड़ाते हुए गिर गई जिसमें उनके शरीर और पैर में गंभीर चोट आ गई। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से निजी अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हड्डी के स्पेशिलस्ट अस्पताल सिग्मा में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार योग्य चिकित्सकों की देखरेख में किया जा रहा है।

## सीएम योगी आदित्यनाथ अभिभावकों के बैंक खातों में भेजेंगे ११-११ सौ रुपये

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिषदीय और अशासकीय सहायताप्राप्त प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले हर बच्चे के अभिभावक के बैंक खाते में ११–११ सौ रुपये भेजे जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को कक्षा एक से आठ तक के १.६ करोड़ से अधिक बच्चों के अभिभावकों के खाते में धनराशि भेजने का शुभारंभ करेंगे। सीएम योगी ये रुपये आनलाइन ट्रांसफर करेंगे। बच्चों को यूनिफार्म, स्वेटर, जूता–मोजा और स्कूल बैग खरीदने के लिए यह रकम भेजी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में पिछले दिनों कैबिनेट इस योजना पर मुहर लगा चुकी है। अब हर बच्चे के लिए अभिभावक के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के तहत ११०० रुपये भेजे जाएंगे सरकार अभिभावकों के खातों में लगभग १८०० करोड़ रुपये की रकम भेजेगी। इस धन से बच्चों को दो जोड़ी यूनिफार्म के लिए ६०० रुपये, एक स्वेटर २०० रुपये, एक जोड़ी जूता व दो जोड़ी मोजे के लिए १२५ रुपये और एक स्कूल बैग के लिए १७५ रुपये दिए जाएंगे। बच्चों के अभिभावकों के बैंक एकाउंट की फीडिंग का काम लगभग पूरा हो चुका है। शनिवार को उद्घाटन के बाद खातों में धनराशि ट्रांसफर शुरू हो जाएगा।बता दें कि अभी तक बच्चों को हर सत्र में यह चीजें विभाग की ओर से मुफ्त में उपलब्ध कराई जाती थीं। इनके लिए अलग–अलग प्रक्रिया अपनाई जाती थी। इसमें भ्रष्टाचार के अलावा इन सामानों की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें मिलती थीं। इन चीजों को समय से उपलब्ध कराने की भी चुनौती रहती थी। अब धनराशि सीधे बैंक खातों में भेजे जाने पर भ्रष्टाचार पर अंकुश तो लगेगा ही, अभिभावक अपनी संतुष्टि के अनुसार यह चीजें खरीद सकेंगे। साथ ही कक्षा के अनुसार दक्षता प्राप्त करने के लिए अधिक अवसर मिल सकेगा।बेसिक शिक्षा विभाग ने निशुल्क यूनिफार्म, जूते–मोजे, स्वेटर व स्कूल बैग की धनराशि अभिभावकों के खातेमें भेजने के लिए प्रेरणा डीबीटी ऐप सितंबर में लांच किया था। सभी अभिभावकों का आधार कार्ड के साथ डाटा इसमें शामिल किया गया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा अनामिका सिंह ने पिछले दिनों एप जारी होने के बाद आदेश जारी करते हुए कहा था कि सभी अभिभावकों से सहमति पत्र लेते समय उन्हें सूचित किया जाए कि यदि उनके बैंक खाते निष्क्रिय हैं तो उन्हें यथाशीघ्र सक्रिय करा लिया जाए और उसकी आधार सीडिंग अनिवार्य होगी।

# अद्भुत शिमला मिर्च : अन्तरिक्ष में उगी शिमला मिर्च

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने पहली बार अंतरिक्ष में शिमला मिर्च की सब्जी पैदा करने में सफलता हासिल की है. नासा ने ऐलान किया है कि इस शिमला मिर्च को प्लोंट हैबिटाट–०४ में पैदा किया सके. साथ ही उसके स्वांद, पोषक तत्वज और बनावट की भी जांच की जा सके. अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा कि, 'शिमला मिर्च उत्पादन को लेकर कई तरह की जांच की गई है और देखने की कोशिश की गई है कि, अंतरिक्ष में स्टेशन पर गईं नासा की अंतरिक्ष यात्री मेगन मैकआर्थर ने कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें दिखाया गया है कि वहां खाने के लिए कैसे डिश तैयार किया गया है. इतना ही नहीं वहां कुछ डिश तो उड़ते हुए दिख रहे हैं. दरअसल, इन बनाया है. हाल ही में यात्रियों ने लंबे प्रयोग के बाद अंतरिक्ष में मिर्चियां उगाई हैं. यह मिर्चियां शिमला मिर्च और मोटी मिर्च की तरह ही हैं. एस्ट्रोनट्स ने अपनी फसल काटने के बाद इसे सेलिब्रेट करने के लिए अपने लिए टैको हो गई तो एस्ट्रोनट्स ने इसका इस्तेमाल स्पेशल डिश बनाने में किया है. उगाई गई मिर्ची एस्पैनोला इम्प्रूव्ड चिली से उगाई गई है. इसे न्यू मैक्सिको हैच वैली में खोजा गया था. नासा के मुताबिक इसे हरे और लाल दोनों




गया है. इस शिमला मिर्च को वहां मौजूद अंतरिक्षयात्रियों ने एक शानदार डिश में बदल डाला और शिमला मिर्चा को खाने का आनंद लिया.नासा ने पिछले दिनों एक बयान जारी करके कहा, 'इस जांच में सूक्ष्मडजीवी विश्लेषण किया गया ताकि अंतरिक्ष में प्लांट के जीवाणुओं के साथ संबंध के बारे में अपनी समझ को और बेहतर बनाया जा प्लांट के जीवाणुओं के साथ जो संबंध बनता है, उसको लेकर अपनी समझ का और विस्तार किया जा सके. अंतरिक्ष की दुनिया अचरज भरी होती है. अंतरिक्ष और वहां यात्रियों को लेकर बहुत सवाल होते हैं. लोगों के मन में सवाल उठता है कि स्पेस में यात्रियों का जीवन कैसा होता है. फिलहाल इन सबके बीच इंटरनेशनल स्पेस दिनों इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में मौजूद अंतरिक्ष यात्री खाने–पीने के नए–नए प्रयोग करते दिख रहे हैं. हाल ही में वहां मौजूद यात्रियों में से एक मेगन मैकआर्थर ने कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा कि फसल कटने के बाद हमें लाल और हरी मिर्च का स्वाद चखने को मिला. फिर हमने अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ स्पेस टैको पार्टी रखी. धरती से इतनी दूरी पर उगाई गई अनोखी मिर्च से बने टैकोज की तस्वीरें मेगन मैकआर्थर ने शेयर कीं हैं. इन तस्वीरों में डिश उड़ते हुए दिख रहे हैं. यह सब तब हुआ जब नासाने बाहरी अंतरिक्ष में चार महीने के लिए एक अनोखे मिर्च के पौधे को क्यूरेट किया और इसमें मिर्च उगाई. जब मिर्च बड़ी रूपों में खाया जा सकता है. वहां पर मिर्च उगाना दूसरी फसलों से ज्यादा मुश्किल है. बता दें कि मेगन मैकआर्थर अप्रैल से ही अंतरिक्ष में हैं. उन्होंने बताया है कि अंतरिक्ष में उगाए गए प्लांट्स में ग्रीन चिली सबसे नया फल है. इसके अलावा अंतरिक्ष में चाइनीज गोभी, रशियन केल, लैट्यूस भी उगाए जा चुके हैं।

# मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन पर होगा सपा और आरएलडी का गठबंधन

लखनऊ। आने वाले २०२२ विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला करने वाली राष्ट्रीय लोक दल (RLD) और सपा को भी सीटें





आवंटित की गई हैं। मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन पर या उससे पहले हो सकता है, गठबंधन का ऐलान। सूत्रों के मुताबिक, हाल ही में लखनऊ में दोनों पार्टियों के नेताओं के बीच एक फाइव स्टार होटल बुक किया गया है। जहां दोनों पार्टियों के नेता संयुक्त प्रेस कन्फ्रेंस करेंगे। यहां २०२२ विधानसभा चुनाव से पहले कई दिग्गज नेताओं समेत दलों को भी समाजवादी पार्टी में शामिल करने के साथ ही अखिलेश यादव छोटे दलों के साथ गठबंधन की अपनी योजना को प्राथमिकता पर रखे हैं। सुहेलदेव भारतीय समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करने के बाद पूर्वांचल में अपना गढ़ मजबूत करने वाले अखिलेश यादव ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपने पुराने साथी राष्ट्रीय लोकदल के साथ गठबंधन का फैसला किया है। वहीं, समाजवादी पार्टी संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का ८३वां जन्मदिन २२ नवंबर को है। समाजवादी पार्टी ने प्रदेश भर में विविध आयोजनों की तैयारी शुरू कर दी है। चूंकि मुलायम सिंह यादव का स्वास्थ्य इन दिनों ठीक नहीं है। इसलिए उनका आयोजन में शामिल होने को कुछ अभी कहा नहीं जा सकता है।

# प्रियंका और मायावती का महंगाई को लेकर भाजपा सरकार पर हमला

लखनऊ। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने महंगाई को लेकर बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है। प्रियंका ने बुधवार को ट्वीट किया " त्यौहार का समय है।



महंगाई से आमजन परेशान हैं। भाजपा सरकार की लूट वाली सोच ने त्यौहार से पहले महंगाई कम करने की बजाय गैस सिलेंडर, पेट्रोल–डीजल, तेल, सब्जी के दाम आसमान पर पहुंचा दिए। चुनाव के समय भाजपा १–२ रुपए घटाकर जनता के बीच जाएगी, तब उसे करारा जवाब मिलेगा। जनता माफ नहीं करेगी। उधर, बसपा अध्यक्ष ने ट्वीट किया "केन्द्र व सभी राज्य सरकारें भी लोगों के रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं खासकर खाद्यान्न आदि की कीमतों को नियंत्रित करने में पूरी तरह से विफल रही है। जिसका दुष्प्रभाव आम जनजीवन के साथ–साथ दीपावली जैसे खास पर्वों पर भी पड़ा है। गौरतलब है कि पिछले हाल के महीनों में पेट्रोलियम पदार्थों और खाद्य तेल की कीमतें लगातार बढ़ने से खासकर निम्न और मध्यम वर्ग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। महंगाई को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष भी समय समय पर भाजपा सरकार पर प्रहार करते रहे हैं।


हमारे अन्य प्रतिनिधि

संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370

प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार


सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक

सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289

मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ


# जमानत की शर्तों के अनुसार मुंबई में एनसीबी के सामने पेश हुए आर्यन खान


मुंबई। क्रूज ड्रग्स मामले में पिछले हफ्ते बॉम्बे हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद आर्यन खान पहली बार शुक्रवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के सामने पेश हुए। बॉम्बे हाईकोर्ट ने आर्यन खान को जमानत देते वक्त यह शर्त निर्धारित की थी कि वह हर हफ्ते एनसीबी के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। आर्यन खान अपने वकील निखिल मानेशिंदे के साथ सफेद रंग की रेंज रोवर कार में दक्षिण मुंबई में एनसीबी कार्यालय के लिए रवाना हुए थे और कुछ ही देर में एनसीबी ऑफिस पहुंच गये। आर्यन खान को ड्रग्स मामले में गिरफ्तारी के बाद २२ दिन जेल में बिताने के बाद ३० अक्टूबर को मुंबई की आर्थर रोड जेल से रिहा किया



गया था। बॉम्बे हाई कोर्ट ने आर्यन खान और मामले में उनके सह–अभियुक्त अरबाज मर्चेंट और मुनमुन धमेचा पर १४ जमानत की शर्तें लगाईं, जिन्हें भी जमानत दी गई थी। उच्च न्यायालय ने कहा कि आर्यन खान को एनडीपीएस अदालत के समक्ष अपना पासपोर्ट जमा करना होगा और विशेष अदालत की अनुमति के बिना भारत नहीं छोड़ना होगा और अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए प्रत्येक शुक्रवार को सुबह ११ बजे से दोपहर २ बजे के बीच एनसीबी कार्यालय में उपस्थित होना होगा। आर्यन खान, मर्चेंट और धमेचा को एनसीबी ने ३ अक्टूबर को गिरफ्तार किया था और प्रतिबंधित दवाओं के कब्जे, खपत, बिक्री खरीद और साजिश और उकसाने के लिए एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

# प्रियंका चोपड़ा ने पति के साथ भारतीय अंदाज में US में मनायी दिवाली

लॉस एंजिलिस। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा एक शानदार स्टाइलिश आइकन हैं। एक्ट्रेस अपने लुक और नये अंदाज से हमेशा अपने फैंस को प्रभावित करती हैं। फैशन की दुनिया में भी वह किसी से कम नहीं है चाहे वह रेड कार्पेट पर हो या एनवाईसी



में ऑफ–ड्यूटी आउटिंग के दौरान। हाल ही में, उन्होंने अपने पति निक जोनास के साथ उनके लॉस एंजिल्स स्थित घर पर दिवाली मनाई। समारोह में शामिल होने वालों में कुछ नामचीन नामों को देखा, जिनमें क्रिसी टेगेन और जॉन लीजेंड शामिल थे। निक और प्रियंका दोनों ने उत्सव के लिए पारंपरिक पोशाकें पहनीं और दोनों भारतीय पहनावें में शानदार लग रहे थे। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस ने अपने पति व गायक निक जोनस के साथ पारंपरिक तरीके से दीपावली का त्योहार मनाया। पीली साड़ी पहने ३६ वर्षीय अभिनेत्री ने लास एंजिलिस स्थित अपने आवास पर पारंपरिक तरीके से पूजा की। उनके पति सफेद कुर्ता–पायजामा पहने थे। इंस्टाग्राम पर पूजा की कई तस्वीरें साझा करते हुए प्रियंका ने लिखा है, ''देवी महालक्ष्मी के आशीर्वाद से हम अपने घर में उनकी कृपा की प्रार्थना करते हैं। दीपावली की शुभकामनाएं।'

# फिल्म निर्माता राजामौली ने फिल्म सूर्यवंशी की टीम की तारीफ की

मुंबई। अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म 'सूर्यवंशी' की रिलीज से पहले फिल्म निर्माता एस एस



राजामौली ने बुधवार को इस फिल्म की टीम को शुभकामनाएं दीं और कोविड–१६ महामारी की अनिश्चितता के बीच इस फिल्म को उचित समय पर रिलीज करने के लिए प्रतीक्षा करने को लेकर उसकी प्रशंसा की। इस फिल्म का निर्देशन रोहित शेट्टी ने किया है और अब यह फिल्म पांच नवंबर को रिलीज होने के लिए तैयार है। महामारी की वजह से इसकी रिलीज की तारीख कई बार आगे बढ़ानी पड़ी। राजामौली ने सोशल मीडिया पर फिल्म की टीम की प्रशंसा की और उसे शुभकामनाएं दीं। निर्देशक ने कहा, ''मैं सूर्यवंशी को बड़ी सफलता मिलने की कामना करता हूं इस मुश्किल समय में सिनेमाघरों में कारोबार फिर से शुरू होने की प्रतीक्षा में एक साल से ज्यादा समय तक फिल्म को रोकने के लिए टीम की प्रशंसा करता हूं।'' यह फिल्म पहले २४ मार्च, २०२० को सिनेमाघरों में रिलीज होनी थी लेकिन महामारी के कारण सिनेमाघरों के बंद होने की वजह से इसे रिलीज करने की तिथि टाल दी गई। इसके बाद यह फिल्म ३० अप्रैल को रिलीज होने वाली थी लेकिन महामारी की दूसरी लहर की वजह से इसकी रिलीज पुनरू स्थगित कर दी गई। इसके बाद शेट्टी ने २५ सितंबर को दीपावली के मौके पर सिनेमाघरों में इसे रिलीज किए जाने की घोषणा की। अभिनेता अक्षय कुमार ने राजामौली का शुक्रिया अदा किया और कहा कि वह सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद कर रहे हैं।


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com


सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक